# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0,लैन्सडौन(गढ़वाल)।

E Mail ID:-eepwdlansdowne@gmail.com. & eepwdlansdowne@rediffmail.com. Phone/Fax : (01386)262260

पत्रांक 771 / 21 सी0 दिनांक :– 04/06/16

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
लैन्सडौन वन प्रभाग
कोटद्वार।

विषय :– मैन्दोली–परिन्दा–बौंठा मोटर मार्ग का प्रस्ताव संख्या FP/UK/ROAD/9407/2015

सन्दर्भ :– आपका पत्रांक 4235 / 12–1 कोटद्वार दिनांक 26.05.2016

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि रिजनल ऑफिस द्वारा लगाई गई प्रकरण सम्बन्धी त्रुटियों का निराकरण निम्न प्रकार है :–

(1) आई0 टी0 सैल देहरादून से नया डिजिटल मैप बना दिया गया है। जिसमें ग्राम बौंठा जहां से मार्ग प्रारम्भ होता है एवं डेरियाखाल नामक स्थान जहां मार्ग समाप्त होता है स्पष्ट दृष्टिगोचर एवं संरेखण पर पड़ने वाले कर्व एवं मक डिस्पोजल प्वाइंटो के कोर्डिनेट अंकित कर दिये गये है। डिजिटल मानचित्र के पुनः अपलोड करके हार्ड कॉफी 03 प्रतियों में आपको प्रेषित की जा रही है।

(2) इस मोटर मार्ग के निर्माण से क्षेत्रीय स्तर पर अधिक मात्रा में कृषि उत्पादन में बढोत्तरी होगी जिससे श्रमिको को अधिक से अधिक रोजगार मिलेगा। ग्रामीण बेरोजगारों को अपनी आजीविका यापन के लिये अपना स्वरोजगार खोलने की सुविधा मिलेंगी। कृषि के अन्तर्गत माल्टा, संन्तरे, अमरूद व आम जो क्षेत्र में अधिक मात्रा में उत्पादित होता है बाजार तक बेचने हेतु लाया जा सकेगा पर्यटन सम्बन्धी व्यवसाय एवं डेरी उद्योग को बढावा मिलेगा। विवरण पृष्ठ सं0 9 पर भाग 1 के उपबिन्दु VI में वर्णित है। जिसे पुनः अपलोड करके हार्ड कॉफी 03 प्रतियों में आपको प्रेषित की जा रही है।

अतः अनुरोध है कि कृपया तदनुसार उच्चस्तर को आख्या UPLOAD करते हुये अग्रसारित करने की कृपा करें।

संलग्न :– 1. डिजिटल मानचित्र की हार्ड कॉफी 03 प्रतियां में।
2. पार्ट– I, VI रोजगार सम्बन्धी जापकारी की हार्ड कॉफी 03 प्रतियों में।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता
प्रा0ख0लो0नि0वि0
लैन्सडौन।

पत्रांक 771 / 21 सी0 दिनांक : 04/06/16

प्रतिलिपि :-- श्री राजेश कुमार सहायक अभियन्ता प्रा0ख0लो0नि0वि0 लैन्सडौन आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :-- खण्डीय अमीन।

अधिशासी अभियन्ता
प्रा0ख0लो0नि0वि0
लैन्सडौन।